Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 08-08-2022 | अंक 309

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्युज ब्रीफ

### सावन के आखिरी सोमवारी में मनोकामनेश्वर मंदिर में किया गया प्रसाद का वितरण



बरही प्रखंड परिसर में स्थित मनोकामनेश्वर मंदिर में सावन के आखिरी सोमवारी में युवा समाजसेवी लव कुमार एवं प्रख्यता कुमार उर्फ सेतु के द्वारा प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं प्रख्यात उर्फ सेतु ने कहा किस प्रकार के सेवा समाज सेवा कार्य किया जाना हर प्रकार से शुभ सिद्ध होता है। क्योंकि इस प्रकार से जरूरतमंद व्यक्ति तक अन्न का दाना पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने कहा की हर धर्म में निस्वार्थ भाव से मानव सेवा को ही सबसे उच्च सेवा कहा गया है। साथ ही उन्होंने कहा की समाज में कई ऐसे लोग है जिन्हे दो वक्त की रोटी नसीब नही होती है। ऐसे में लंगर भंडारों का महत्व बढ़ जाता है।

**APEM LIVE**

# पवनपुत्रा स्टील कंपनी के विस्तारीकरण को लेकर हुई जन सुनवाई में ग्रामीणों ने जताई सहमती, 180 लोगो को मिलेगा रोजगार

## झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से विस्तारीकरण को लेकर पर्यावरण लोक सुनवाई का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड रांची की ओर से बरही औद्योगिक प्रक्षेत्र में संचालित पवनपुत्रा स्टील एन्ड एलोय कम्पनी के प्ल०ट संख्या 57 बी के विस्तारीकरण को लेकर कोनरा तुरी टोला में समारोह पूर्वक पर्यावरण लोक सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अपर समाहर्ता राकेश रौशन एवं संचालन झारखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के रीजनल अ०फिसर अशोक कुमार यादव ने किया। पंचायत समिति सदस्य मो यूसुफ, मुखिया प्रतिनिधि मो ताज उद्दीन, मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष पीके गर्ग , सचिव राजीव अग्रवाल , पवनपुत्रा कम्पनी के प्रोपराइटर अरुण जैन एवं भूपेंद्र अग्रवाल मुख्य रूप से शामिल रहे। सभी अतिथियों का स्वागत पवनपुत्रा कंपनी के प्रबंधन के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर किया गया । प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आरओ अशोक कुमार यादव ने पवनपुत्रा स्टील एन्ड एलाय कम्पनी के विस्तारीकरण से संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि पवनपुत्रा की उत्पादन क्षमता फिलहाल 24000 टन प्रति वर्ष है। जबकि विस्तारीकरण के बाद 148500 टन प्रति वर्ष उत्पादन क्षमता हो जाएगा। वही मौजूदा स्लैग क्रशर की क्षमता को भी 4200 टन प्रति वर्ष से बढ़ाकर 33000 टन प्रति वर्ष किया जाएगा। टीएमटी बार एन्ड रोल्ड का उत्पादन क्षमता 145500 टन प्रतिवर्ष हो जाएगा। विस्तारीकरण के लिए अलग से कोई जमीन नही ली जाएगी। मौके पर पवनपुत्रा स्टील कम्पनी के प्रोजेक्ट मैनेजर बीके तिवारी ने विस्तारीकरण परियोजना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि 33 करोड़ लागत से बनने वाले इस प्रोजेक्ट से उत्पादन क्षमता में काफी वृद्धि होगी। लिहाजा रोजगार का भी सृजन होगा। इस प्रोजेक्ट को चालू होने से 180 लोगों को प्रत्यक्ष तौर पर रोजगार मिल पायेगा। साथ ही परिवहन यात्रा, पैकेजिंग, सूचना प्रौद्योगिकी, दूरसंचार , ऑटोमोबाइल कुरियर क्षेत्र आदि के क्षेत्र में प्रस्तावित विस्तार के कारण अप्रत्यक्ष रोजगार की भी संभावना बढ़ेगी। जल, वायु प्रदुषण के नियंत्रण के लिए जरूरी हर संभव प्रयास किया जाएगा । . मौके पर ग्रामीणों ने स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने की मांग रखी। जिसे पवनपुत्रा के द्वारा सहमति जताई गई। साथ ही उनके द्वारा व्यवसायिक स्वास्थ्य के उपाय, हरित पट्टी के विकास, पर्यावरण निगरानी कार्यक्रम, पर्यावरण प्रबंधन योजना से संबंधित कार्य किए जाने की बात कही गयी। जिला अपर समाहर्त्ता राकेश रोशन ने कहा कि रियाडा में स्थानीय लोगों को रोजगार मिले। इसके लिए आपसी समन्वय जरूरी है। उद्यम लगने से लोगों को फायदा ही मिलेगा। मौके पर सर्व सम्मति से पवनपुत्रा स्टील एन्ड एल०य कंपनी के विस्तारीकरण प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई। जिसके बाद झारखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के द्वारा भी मौके पर ही विस्तारीकरण की स्वीकृति देने की बात कही गयी। जनसुनवाई में पंचायत समिति सदस्य मो यूसुफ, मुखिया प्रतिनिधि मो ताजुद्दीन,मो मेहताब, अनिल तुरी, जसोदा देवी, चेतलाल तुरी,द्वारिका तुरी, मो रुस्तम, सेराज अली उर्फ चांद, मो इजहार,सफाउल रहमान, किशुन यादव आदि ने भाग लेते हुए विस्तारीकरण का समर्थन किया। इसके साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने की मांग की। मौके पर राजीव अग्रवाल, पवन कुमार गर्ग, रवि गरौडिया, बीके तिवारी, सूर्यकांत तिवारी, मुखिया प्रतिनिधि मो ताजुद्दीन, जियाउल हक, चेतलाल तुरी, दिनेश तुरी, बहादुर तुरी, मो सद्दाम, विशाल कुमार, महेंद्र कुमार, चांदो देवी, सारो देवी, सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।



लोक सुनवाई को संबोधित करते प्रदूषण बोर्ड के अशोक यादव



लोक सुनवाई में शामिल लोग






डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## खोड़ाहर में कल आदिवासी दिवस के अवसर पर खेल कूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत खोड़ाहर पंचायत के जतरा मेला टांड़ में कल आदिवासी दिवस के अवसर पर खेल कूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जायेगा। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि बरही एसडीओ पूनम कुजूर, बरही विधायक उमाशंकर अकेला एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रमुख, प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अंचलाधिकारी शामिल होंगे। वहीं प्रमुख मनोज रजक ने कार्यक्रम स्थल पर जाकर तैयारियों का जायजा लिया। मौके पर पूर्व मुखिया वीना उरांव, सामाजिक कार्यकर्ता रमेश ठाकुर, फूलचंद सिंह, राजेश उरांव, प्रकाश एक्का, रोशन, अमित, सुनील बसंत, पंकज मुंडा सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की बैठक, सर्टिफिकेट जांच एव संगठन मजबूती पर चर्चा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बैठक में शामिल सहायक अध्यापक संघ के लोग

एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के तहत प्रखंड बरही के सहायक अध्यापकों की बैठक अब्दुल कलाम पार्क के प्रांगण में प्रखंड सचिव मनोज घोष की अध्यक्षता में हुई स संच. ालन दीपक यादव ने किया। बैठक का मुख्य मुद्दा सर्टिफिकेट जांच तथा संगठन की मजबूती कैसे किया जाए इस पर चर्चा हुई स बैठक में सर्वसम्मति मांग किया कि सरकार जल्द से जल्द आकलन परीक्षा ले, ताकि शिक्षकों की मानदेय में 10: की वृद्धि हो सके तथा टेट पास शिक्षकों को सीधे वेतनमान दिया जाए। क्योंकि टेट पास शिक्षक सभी आहर्ता को पूरा करते हैं ।इसलिए हैं वेतनमान दिया जा सकता है। बैठक के अंत में युवा नेता सह सामाजिक कार्यकर्ता अजय कुमार दुबे का आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि देते हुए 2 मिनट का मौन रखा गया। आज के बैठक में सीआरसी अध्यक्ष दीपक यादव ,प्रकाश सिंह, नंद किशोर पांडेय, रंजीत कुमार सिंह ,नरेश कुमार यादव, नंदलाल राणा ,दिनेश कुमार यादव ,अशोक कुमार, निर्मल कुमार दास ,स्वाति कुमारी सुनीता कुमारी, शीला कुमारी ,प्रीति कुमारी ,ज्योति लक्ष्मी ,अभिमन्यु यादव ,महेंद्र रविदास ,बबीता कुमारी ,रेनू कुमारी गुप्ता, ललिता कुमारी, रिंकू कुमारी ,पुष्पा कुमारी , मोहम्मद मुबारक हुसैन सहित सैकड़ों शिक्षक शामिल हुए।

## पासवा के राज्य स्तरीय छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह में रेन्बो स्कूल के निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा व बच्चो ने किया शिरकत





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

प्राईवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) की ओर से रांची के खेलगांव में आयोजित राज्य स्तरीय छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह में रेन्बो स्कूल के निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा तथा विद्यालय के तीन बच्चों ने शिरकत किया। इस कार्यक्रम में सीबीएसई, आईसीएसई और जैक बोर्ड द्वारा आयोजित 10वीं और 12वीं परीक्षा के टॉपर और 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को वित्तमंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर, और खेलकूद एवं युवा कार्य मंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष एसएन अहमद, आलोक दुबे मुख्य रूप से उपस्थित होकर बच्चो को सम्मानित किया। रेन्बो स्कूल के निदेशक ने कहा कि यह सम्मान समारोह बच्चो को एक नई दिशा देने का कार्य करेगा। कार्यक्रम से बच्चो के अंदर कुछ करने का और भी जज्बा पैदा होगा। उन्होंने बताया कि एक साल के अंदर ही संगठन ने छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों तथा निजी स्कूल संचालकों की परेशानियों को दूर करने की आवाज उठाकर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया है। निजी स्कूल संचालकों को एक बैनर तले एकत्रित करने का प्रयास किया है, वह अपने आप में एक मिसाल है। कार्यक्रम में शामिल होने वाले बच्चो में आयुष कुशवाहा, राजू कुमार, राहुल कुमार आदि है।

## उच्च विद्यालय विजैया में सांसद जयंत सिन्हा ने उपलब्ध कराया 1550 मास्क, बच्चों में किया गया वितरण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया पंचायत में संचालित 10+2 उच्च विद्यालय में सांसद जयंत सिन्हा द्वारा लगभग 1550 मास्क उपलब्ध करवाए गए। जिसका वितरण सांसद प्रतिनिधि बंधन यादव, पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा ने विद्यालय छात्र एवं छात्रों के बीच वितरण किया। वहीं सांसद प्रतिनिधि बंधन यादव ने इस पुनीत कार्य के लिए सांसद जयंत सिन्हा को धन्यवाद दिया है। वहीं पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम ने मास्क के फायदे को बताते हुए कहा की मास्क सिर्फ कोविड के लिए ही नही बल्कि मास्क से हम कई प्रकार के बीमारियों से बच सकते है। मास्क का उपयोग करने से हम जहरीली हवा से बच सकते है, मास्क गर्मी के मौसम में चलने वाली गर्म हवा यानी लू तथा धूल, धुएं और धूप से बचाता है। साथ ही साथ उन्होंने सभी छात्र एवं छात्राओं से अपील किया की भीड़ भाड़ वाली जगह में जाने से पहले मास्क का उपयोग अवश्य करे। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मो फारूक आलम, उपमुखिया सुखदेव यादव, रामावतार यादव, नंदलाल यादव, चंद्रिका प्रसाद, मो सुलेमान, सलामत, उमेश प्रसाद, वेद प्रकाश, कुलदीप राना, प्रदीप प्रसाद, राकेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, सुभाष कुमार, राजेंद्र प्रसाद यादव,नरेश कुमार, केदार महतो, मेघलाल महतो, रवींद्र एवं किशोर वर्मा मुख्य रूप से मौजूद थे।

## बरही में मुहर्रम को लेकर प्रशासन अलर्ट, निकाला गया फ्लैग मार्च

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



मुहर्रम को देखते हुए बरही एसडीओ पूनम कुजूर के नेतृत्व में बरही प्रशासन ने शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए फ्लैग मार्च निकाला। साथ में बरही एसडीपीओ नाजिर अख्तर भी शामिल रहे। फ्लैग मार्च बरही थाना से होकर हुए बरही चौक होते हुए चारो मार्गो में निकाला गया। फ्लैग मार्च का उद्देश्य पर्व त्योहारों में अशांति फैलाने वालों को सबक सिखाने के लिए था। वहीं एसडीओ पूनम कुजूर ने पर्व को शांतिपूर्ण वा सादगी से मनाने को लेकर लोगो से अपील की। वहीं बरही एसडीपीओ नाजिर अख्तर ने बताया की त्योहारों में अशांति फैलाने वालों को इस फ्लैग मार्च के माध्यम से सचेत रहने का संदेश दिया गया है। फ्लैग मार्च में बरही थाना प्रभारी ललित कुमार, एसआई सौरव आहूजा, दिनेश कुमार, चंदन कुमार, दयानंद सरस्वती सहित सैकड़ों जवान शामिल थे।

## झंडोत्तोलन को ले समय निर्धारित किया गया

### प्रखंड कार्यालय में प्रमुख रेणु देवी फहराएगी तिरंगा

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**

बरकट्ठा प्रखण्ड कार्यालय समेत विभिन्न सरकारी व गैरसरकारी संस्थानों में झंडोतोलन को ले कर समय का निर्धारण किया गया इस बाबत प्रखण्ड कार्यालय द्वारा निर्गत पत्र के अनुसार सर्वप्रथम मुख्य कार्यक्रम प्रखण्ड परिसर के विभिन्न सरकारी कार्यालयों के सामूहिक झंडोत्तोलन प्रातः 8:30 बजे निर्धारित किया गया गया है झंडोत्तोलन प्रखण्ड प्रमुख रेणु देवी करेगी इसके बाद बरकट्ठा थाना परिसर में 8रू45 बजे ,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 9रू00 बजे गोरहर थाना परिसर में 9रू15 व कस्तूरबा विद्यालय में 9रू30 बजे निर्धारित की गई है इसके अलावे बरकट्ठा के सभी सरकारी व गैरसरकारी संस्थानों व क्लबो में राष्ट्रीय पर्व स्वंतत्रता दिवस को लेकर अति उत्साह है साथ ही बरकट्ठा में नवयुवकों ने एक सामुहिक तिरंगा यात्रा का भी आयोजन किया है वही आम ग्रामीण भी सरकार के निर्देश पर 13-15 तक आयोजित राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को अपने अपने घरों व प्रतिष्ठानो में फहराने की तैयारी में है।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल में राखी मेकिंग प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत रसोइया धमना पंचायत में संचालित सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल में सोमवार को राखी मेकिंग प्रतियो. गिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा प्रथम से लेकर कक्षा दसम तक के करीब 100 बच्चों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के धागे, स्टोन, इयरबड्स, क०टन,चार्ट पेपर, दालें, चावल व अन्य सामान का इस्तेमाल कर स्कूल में ही सुंदर राखी तैयार की। बच्चों ने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भी तीन रंगों से सजी राखियां भी तैयार की, तीन रंगों की राखी बनाते हुए बच्चों में देशभक्ति की झलक भी दिखा। बेहतर प्रदर्शन करने वालों में से सीनियर कक्षा से संजना शर्मा, प्रीति कुमारी, अंशु कुमारी, रंजना कुमारी, रंजन कुमार, नेहा कुमारी, प्रिंसी रानी, सुधा कुमारी, रानी कुमारी, दीपिका कुमारी, प्रियंका कुमारी, सोनाली कुमारी, पिंकी कुमारी, रोशनी कुमारी, वंदना कुमारी, अनिशा कुमारी, मोती कुमारी इत्यादि बच्चे शामिल थे। वहीं जूनियर कक्षा से अनुष्का यादव, शिवम रजक, अनुष्का गिरी, सोनल कुमारी, अंशु कुमार, परी कुमारी, श्वेता कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, सिया कुमारी, दीपेश कुमार, आयुष कुमार, सेलिना प्रवीण, अस्मिता कुमारी, चंदन कुमार, अनुज कुमार, अभिषेक कुमार,अंकुश कुमार इत्यादि बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में बच्चों ने रंग-बिरंगी राखियां बनाकर ना सिर्फ अपनी प्रतिभा का परिचय दिया बल्कि रक्षाबंधन के माध्यम से आपसी प्रेम भाईचारे का संदेश भी दिया। बच्चों द्वारा बनाई गई राखियों को प्राचार्य नितेश कुमार ने खूब सराहा प्राचार्य नितेश कुमार ने अपने संदेश में कहा कि राखी त्यौहार ही नहीं बल्कि अपनी बहनों व भाइयों को याद करने का भावुक दिवस है। यह रक्षाबंधन के पीछे छिपे बहनों के परस्पर विश्वास, दायित्व, कर्तव्य निष्ठा को दिखाता है। कार्यक्रम में उपस्थित निदेशक टुकलाल साव ने बताया कि रक्षाबंधन का तात्पर्य रक्षा का बंधन है । विद्यालय के सलाहकार राजेंद्र प्रसाद जी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीसीए विभाग की शिक्षिका विभा शर्मा, शीला कुमारी, सरिता कुमारी, प्रियंका कुमारी, कोमल कुमारी, कल्पना कुमारी, कविता कुमारी शिक्षक अजय कुमार ,नरेश कुमार, कुमार, अमर, प्रकाश रवि,ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया

## ब्रह्मा विधा विहंगम द्वारा साप्ताहिक सतसंग गोष्ठी का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही हजारीबाग रोड में स्थित शकुंतला पैलेस में सोमवार को ब्रह्मा विद्या विहंगम द्वारा साप्ताहिक सत्संग गोष्ठी का आयोजन कृष्णा गुप्ता के अध्यक्षता में किया गया। जिसमे कार ध्वनि सामूहिक, स्वग्तगान सिकंदर सिंह, मंगलगान पूनम मिश्रा, उद्घोष कैलाश प्रसाद केशरी, माल्यार्पण सामूहिक, ज्ञान गुदड़ी सिकंदर सिंह, स्वर्वेद पाठ चंद्र मोहन मिश्रा, भजन पूनम मिश्रा और ममता देवी, वंदना सामूहिक, आरती सामूहिक एवं शांतिपाठ सामूहिक रूप से किया गया। मौके पर कृष्णा कुमार गुप्ता, चंद्र मोहन मिश्रा, अनमोल राणा, पूनम भारती, भारती देवी, सुनीता देवी, सिकंदर सिंह, राजदेव सिंह, ममता देवी, तृप्ति देवी, मीनाक्षी गुप्ता, चमेली देवी, यशोदा देवी, रवींद्र सिंह एवं पप्पू राम मुख्य रूप से मौजूद थे।

## सिंदूरिया समाज ने कांवरियों के बीच लस्सी वितरण किया

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



सिंदुरिया समाज द्वारा लगाया गया लस्सी वितरण शिविर

झुमरीतिलैया/कोडरमा जिला सिंदुरिया समाज द्वारा पूर्व घोषित कांवर पद यात्रा में कांवरियों की सेवा के लिए निःशुल्क लस्सी वितरण शि. विर का आयोजन लगाया गया वितरण कार्यक्रम का अदभुत आयोजन रहा ज्ञात हो इस कांवड यात्रा में लगभग 60 से 70 हजार कांवरियां बम झरनाकुंड तिलैया से जल भरकर प्रसिद्ध ध्वजाधारी धाम कोडरमा जाकर भोलेबाबा को जल अर्पित किए |चहुंओर ओम नमः शिवाय व बोल बम के नारे से पूरा शहर गुंजयमान हो गया । इसी क्रम में कोडरमा सिंदूरिया समाज द्वारा दही का लस्सी कांवरियों व श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया गया सभी कांवरियां लस्सी पीकर नाचते गाते निकले लस्सी वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिंदूरिया समाज के कोडरमा जिला अध्यक्ष शीतल लाल, सचिव सुभाष गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुनील गुप्ता, उपकोषाध्यक्ष अशोक कुमार दास, संगठन मंत्री शंकर गुप्ता, मीडिया प्रभारी रंजीत कुमार श्रीवास्तव, मनोज कुमार दास, रंजीत गुप्ता, पप्पू लाल, अजय गुप्ता, रवि लाल, बजरंगी गुप्ता,संतोष गुप्ता, बालदेव लाल, वीरु गुप्ता,दीपक राज,दीपक लाल, कारु लाल,मनोज लाल, विकी, चंदन,राजा, अंकुश, प्रदीप लाल समेत समाज के बड़ी संख्या में युवक व बुजुर्ग उपस्थित थे

## चाणक्य आइएएस एकेडमी में यूपीएससी एवं जेपीएससी के नए बैच की शुरुआत 12 अगस्त से

**अपेम लाइव : रांची**



रांची। राजधानी रांची के लालपुर स्थित चाणक्य आईएएस एकेडमी में यूपीएससी एवं जेपीएससी के नए बैच की शुरुआत आगामी 12 अगस्त से होगी। उक्त जानकारी देते हुए संस्थान के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा ने कहा कि आगामी 12 अगस्त से 2022 में इंटर या 10+2 पास कर चुके छात्र-छात्राओं के लिए विशेष रूप से तैयार किया हुआ तीन वर्षीय अपग्रेडेड फाउंडेशन कोर्स के नए बैच की शुरुआत होने जा रही है। श्री मिश्रा ने बताया कि चाणक्य आईएएस एकेडमी में विद्यार्थियों की तैयारी के लिए एक आदर्श शैक्षणिक वातावरण, आधुनिक व उन्नत लाइब्रेरी, अनुकूल उत्तम कक्षाएं, जीडी रूम एवं डाउट क्लियरिंग कक्षाओं की सुविधा के साथ सफल अभ्यर्थियों से भी मार्गदर्शन कराए जाते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि संस्थान की ओर से विद्यार्थियों के सभी पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि चाणक्य आईएएस एकेडमी में हमेशा नई शैक्षणिक रिसर्च पद्धति के माध्यम से विद्यार्थियों को अनुकूल एवं बेहतर वातावरण मुहैया कराया जाता है। इच्छुक अभ्यर्थी रांची के लालपुर स्थित चाणक्य आइएएस एकेडमी शाखा में आकर नामांकन संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## अमृत महोत्सव को ले एक बैठक

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा आजादी के 75वीं वर्षगाँठ को सम्पूर्ण राष्ट्र अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा है 13, 14 और 15 अगस्त को हर घर तिरंगा लगा कर एकता का परिचय देने को लेकर पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव के बरकट्ठा स्थित आवासीय कार्यालय में बैठक रखी गयी बैठक की अध्यक्षता गोपाल प्रसाद व संचालन बिरेन्द्र यादव ने किया। बतौर मुख्यातिथि पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव उपस्थित हुए बैठक में यह निर्णय लिया गया, कि हर घर तिरंगा 13, 14 और 15 अगस्त के कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाना है और सफल बनाना है। इस बैठक में भारी संख्या में क्षेत्र वासी उपस्थित हुये। कार्यक्रम की सफलता के लिए एक कमिटी का गठन किया गया और आगामी 14 अगस्त को भव्य कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। बैठक के उपरांत बरकट्ठा प्रखंड मुख्यालय से बरकट्ठा मिडिल स्कूल, बरकट्ठा बाजार होते हुये पुनः बरकट्ठा आवासीय कार्यालय तक पद यात्रा निकाला गया जिसमें भारी संख्या में लोग उपस्थित हुए। बैठक में पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव, भाजपा नेता केदार साव, पूर्व मुखिया रा. जकुमार नायक, तुइयो पंचयात मुखिया शंकर रविदास, झुरझुरी पंचयात मुखिया सुमन कुमार, कपका पंचयात मुखिया कमल कुमार, बेडोकला मुखिया प्रतिनिधि देवेंद्र पाण्डेय, गंगपाचो मुखिया प्रतिनिधि लालू प्रसाद, पंसस मनोज कुमार यादव, पंसस कपका डालेश्वर पंडित, पंसस बचनदेव प्रसाद, संतोष ठाकुर, पन्नू चौधरी, उपेंद्र ठाकुर, प्रमोद पासवान, अशोक यादव, गंगाधर प्रसाद समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रसोईया धमना में चल रहे तीन दिवसीय अखंड हरी कीर्तन में शामिल हुए पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत रसोइया धमना में चल रहे तीन दिवसीय अखंड हरी कीर्तन में सोमवार को बरही विधानसभा के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव भी शामिल हुए। वहीं उन्होंने सभी को संबोधित करते हुए कहा की अखंड हरी कीर्तन के आयोजन से लोगो में आस्था बढ़ती है। इतना ही नहीं लोगो के मन को भी शांति मिलती है, साथ ही साथ उन्होंने कहा की अखंड कीर्तन होने से आध्यात्मिक चेतना भी जागती है और आपस में एकजुटता भी बढ़ती है। मौके पर मुखिया गोविंद साहू, उपमुखिया बीरेंद्र साहू, संतोष साव, हरी यादव सहित सैकड़ों अन्य महिला एवं पुरुष मौजूद थे।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## मंत्री व बरही विधायक के सपने को पंख दे रहा उत्पाद विभाग,

### भगहर को शराब मुक्त बनाने की मुहिम में तेज़ी

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



झारखण्ड सरकार के उत्पाद व निषेद मंत्री जगरनाथ महतो व बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव के द्वारा भगहर पंचायत को शराब मुक्त अभियान को बल देने में जुटा उत्पाद विभाग व चौपारण पुलिस। बीते दिन मंत्री व विधायक के उपस्थिति में भगहर पंचायत के दर्जनों शराब भठ्टीओ को नष्ट किया था और मंत्री ने सबधित विभाग के अधिकारियो को भगहर में लगातार कार्यवाई करने का आदेश दिया था। उत्पाद विभाग लगातार शराब तस्करों के मंसूबो पर पानी फेरते हुए कार्यवाई कर रही है। सोमवार को भगहर पंचायत के लोहरा व घरसरी जंगल मे उत्पाद, वन विभाग व चौपारण पुलिस के संयुक्त छापेमारी अभियान में अवैध रूप से संचालित दर्जनों भठ्टीओ को नष्ट किया व करवाई की तैयारी चल रहा है। इस दौरान उत्पाद विभाग ने हज़ारों लीटर जावा महुवा बहाया व शराब उत्पादन में प्रयोग होने वाले सामग्री को नष्ट किया। उत्पाद विभाग ने कहा कि भगहर को शराब मुक्त बनाने के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जाएगा व अवैध शराब निर्माण में संलिप्त लोगों को चिन्हित कर कार्यवाई किया जाएगा।

**इन लोगों के खिलाफ होगा कार्यवाई**

मनोज केशरी, जगदीश प्रसाद केशरी भगहर, प्रभु भुइयाँ पिता पितर भूईयाँ घरसरी, रामधनी भुइयाँ पूना भुइयाँ, रामचन्द्र यादव पिता कन्हाई यादव लोहरा, राजेश यादव पिता रूपलाल यादव लोहरा, बासुदेव यादव पिता रामदेव लोहरा, अशोक यादव पिता छठ्ठू यादव लोहरा, विक्टोरिया भुइयाँ पिता रामबृक्ष भुइयाँ लोहरा, गोरेलाल यादव पिता डिलो यादव लोहरा, भूदानी यादव पिता रूपलाल यादव, ज्ञानी यादव पिता विजय यादव, लिलो यादव पिता कन्हाई यादव

## भाकपा माले ने सीसीएल गिरिडीह के खिलाफ़ खोला मोर्चा सौंपा ज्ञापन

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह सी सी एल के सिक्युरिटी गार्ड और अधिकारी नें बुलडोजर चलाकर ख़ातियानी घर को तोड़ा,गुड़िया देवी को बेघर कर दिया, खतियानी जमीन पर निर्मित घर को तोड़ते हुए सीसीएल के अधिकारीयों ने गुड़िया देवी से किया अभद्र व्यवहार । घटना की सुचना पाकर भाकपा माले गिरिडीह के विधानसभा प्रभारी क०मरेड राजेश सिन्हा घटना स्थल पर पहुँचे और तथ्यों की जाँच की और गुड़िया देवी के द्वारा सीसीएल प्रबंधन पर लगाएं आरोपों को सही पाया। भाकपा माले नेता राजेश सिन्हा ने कहा कि रंजीत यादव उनकी पत्नी गुड़िया देवी और बच्चे पिछले कई दसक से इस घर मे रहते आ रहे है,घर के सामने ही आंगन में अपने ख़ातियानी जमीन पर निर्माण कर रहे थे जिसे सीसीएल प्रबंधन ने बगैर कोई सुचना दिए और साक्ष्य प्रस्तुत किए गुड़िया देवी का निर्माणधीन घर को तोड़ दिया जबकि सी सी एल के पास उक्त जमीन जिसे सीसीएल अपना बता रही है के सापेक्ष में कोई कागजात नहीं है। मामला एसडीओ कोर्ट में दर्ज किया गया है मगर,एस डी ओ कोर्ट में सी सी एल ने कोई काग.जात नहीं दिखा पाया।,सी सी एल ने आर टी आई के जबाब में कहा है कि वह हमारा जमीन नहीं है फिर भी,उस क्षेत्र के एजेंट ने जो सी सी एल अधिक.ारियों को गलत जानकारी देकर घर में अकेली औरत पर हाथ उठाया है,बच्चे को बेघर किया है,उस एरिया के लूट करने वाले ने मुफ़्फ़सील थाना को भी बड़ा मुद्दा बताकर थाने से पुलिस गाड़ी बुलवाया और कार्यवाई के लिए बात की,जबकि बगल वाले घर और आस पास के घर को टच नहीं किया,अर्थात यह एक सोची समझी साजिश है ।जान बूझकर सी सी एल और वहाँ के स्थानीय दबंगो ने गुड़िया देवी पर अत्याचार करवाये। घटना की गंभीरता को देखते हुए माले उग्र आन्दोल करेगा।

भाकपा माले नेता राजेश सिन्हा ने कहा पी ओ आफिस में आवेदन दिया गया है,15 दिन के अंदर सारी विषयो को जांच कर दोषी पर कार्यवाई करने की मांग की गई,वरना 24 अगस्त को पी ओ अ०फिस का घेराव होगा,घेरा डालो डेरा डालो के तर्ज पर। रंजीत यादव का घर टूटा है जिसके कारण पीड़ित आहत है। रंजीत यादव की पत्नी गुड़िया देवी के साथ अभद्र व्यवहार किया जिसके खिलाफ़ मुफ़्फ़सील थाना,आरक्षी उपाधीक्षक सहित कई अन्य उच्च पदा.धिकारियों आवेदन लिख कर दिया गया है। सीसीएल गिरिडीह के पी ओ अ०फिस में भी आवेदन देकर कार्यवाही की मांग की गई है। भाकपा माले नेता राजेश सिन्हा ने यह भी कहा कि गरीब के साथ अलग और अमीर के साथ अलग व्यवहार नहीं करें सीसीएल प्रबंधन गिरिडीह। बिल्डिंग तोड़ना हो तो लिस्ट उपल.ब्ध हम कराएंगे सीसीएल प्रबंधन गिरिडीह को। भाकपा माले गरीब के घर पर बुलडोजर नहीं चलाने देगी। मुवावजा दे सी सी एल के कर्मचारी जिंन्होने तोड़वाया है गुड़िया देवी का घर ।इस पूरे प्रकरण को लेकर जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी ने सी सी एल को आवेदन दिया है। आज के इस कार्यक्रम में भाकपा माले नेता राजेश सिन्हा के साथ में थे रंजीत यादव,कन्हैया सिंह,शिवा,गुड़िया देवी शामिल थी।




## बरांय में एनएच टू का अधूरा अंडरपास बन रहा दुर्घटना का सबब

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**




एनएच के परियोजना निदेशक को पत्र देने के बाद मुखिया समेत अन्य

प्रखंड के बरांय नउआडीह में जीटी रोड एनएच टू के बाईपास में बना आधा-अधूरा अंडरपास दुर्घटना का सबब बन गया है। इस अधूरे अंडरपास की वजह से राहगीरों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। अधूरे अंडरपास में बारिश की वजह से रास्ता दलदली कीचड़ और तालाब में तब्दील हो गया है। अंडरपास में पानी जमने से लोग सीधे जीटी रोड को क्रॉस कर पार होते हैं। इस रास्ते से होकर सैकड़ों छोटे-छोटे बच्चे भी स्कूल जाते हैं। इसके अलावे प्रतिदिन हजारों लोगों को आवाजाही करना होता है। जिससे हमेशा दुर्घटना का भय बना रहता है। इसे लेकर बरांय मुखिया राजेन्द्र मंडल ने एनएचएआई टू के परियोजना निदेशक को पत्र देकर इसे पूर्ण कराने की मांग की है।

## हिंदु - मुस्लिम एकता का मिशाल है डुमरी का ताजिया

### 1950 में आरम्भ हुवा था मुहर्रम मनाने की परंपरा, अब तक अनवरत जारी

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



गंगा जमुना तहजीब के मिशाल माने जाने वाली चौपारण में हिदू मुस्लिम एकता का मिशाल दिया जाता है। प्रखंण्ड मुख्यालय से लगभग 12 किमी पूरब दिशा में स्थित बच्छई पंचायत के डुमरी गाँव हिंदु - मुस्लिम एकता का बे. मिशाल उदाहरण है । आज़ादी के तीन वर्ष बाद से यहाँ के हिन्दुओ द्वारा ताजिया उठाने की परम्परा चली आ रही है। खास बात यह है कि इस गाँव की आबादी लगभग 2000 से अधिक है जिसमे एक भी घर मुस्लिम का नहीं है। बावजूद इसके हर्षोल्लाश से प्रत्येक वर्ष मुहर्रम का त्योहार मनाया जाता है। पूरे गाँव के लोग इस त्योहार को सफ़ल बनने में अपनी महती भूमिका निभाते है।

**कैसे प्रारम्भ हुवा मुहर्रम मनाना**

बताया जाता है कि सन 1950 में प्रखंण्ड स्थित चौय के मौलाना ने डुमरी निवासियों के सहयोग से ताजिया उठाने प्रारम्भ किया था। जो कई वर्षो तक चला बाद में किसी कारणवश मुहर्रम मनाने कि परंपरा को बंद कर दिया गया। कई वर्ष बीत जाने के बाद जिस स्थान पर चौका हुवा करता था उस स्थान सहित आस पास के जमीन को डुमरी निवासी तिलक साव ने खरीद ली। इसके बाद से तिलक साव को अजीबो गरीब सपने आने लगे जिसके बाद जमीन के ऊपर घास को साफ किया गया तो पता चला की पहले यहाँ चौका हुवा करता था। फिर से यहाँ डुमरी ग्रामीणों की सहायता से तिलक साव के नेतृत्व में एकबार फिर शुरू हुवा मुहर्रम । कई वर्षो तक चले इस परंपरा को फिर किसी कारणवश बंद कर दिया। बताया जाता है कि पुनः मुहर्रम मनाने की परंपरा बंद करने के कारण मुहर्रम के महीने में ही तिलक साव, उसकी भाभी और घर एक और व्यक्ति का एक के बाद एक का मौत होने लगा साथ ही घर के जानवर भी मरने लगे स्थिति गंभीर होते देख ग्रामीणों ने चौय, महरा. जगंज, केवल, कोयली , चाक के मौलानाओं को बुलाया गया उन सबों ने स्थिति को ठीक किया उसके बाद से तिलक साव और खगन साव के वंशज आज तक धूम - धाम से मुहर्रम को मनाते आ रहे है जिसमे ग्रामीणों का भरपूर सहयोग मिलता है। वर्तमान समय में शुकर साव और खगन साव के वंशज बालेश्वर साव, अर्जुन साव, अधीन साव, ब्रह्मदेव साव, विजय साव, लखन साव, संजू साव, घनश्याम साव, सुनील साव, राजेश साव, भरत , पवन, पंकज, आशीष कुमार के सामूहिक आर्थिक सहयोग से ताजिया उठाया जाता है। जिसमे ग्रामीण बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते है।

## सुखाड़ राहत रजिस्ट्रेशन के नाम पर किसानों का दोहन पर भाकपा माले का फूटा आक्रोश

### सभी पंचायतों में मुफ्त रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की मांग पर 10 को प्रखंड कार्यालय पहुंचेंगे किसान –भाकपा नेता राजेश यादव

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




गिरिडीह ज़िला को सुखाड़ घोषित होते ही बिचौलियों की चांदी कटनी शुरु हो गई है। बिचौलिए मनमानी तरीके से किसानो से रजिस्ट्रेशन के नाम पर उगाही करने में लग गए है । किसानों ने जब इस गंभीर मुद्दे को लेकर भाकपा माले नेता क०मरेड राजेश यादव के पास पहुंचे तो क०मरेड राजेश यादव ने त्वरित पहल करते हुए मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा की सुखाड़ राहत को लेकर किसानों का अ०नलाइन रजिस्ट्रेशन करने के नाम पर किसानो से मनमानी राशि वसूली शुरू कर दी गई है। एक तो किसान अभूतपूर्व सुखाड़ से यूं ही परेशान हैं, ऊपर से सरकार द्वारा राहत की घोषणा के बाद उनके अ०नलाइन रजिस्ट्रेशन के नाम पर आर्थिक दोहन कहीं से उचित नहीं। हम इसका पुरजोर विरोध करते हैं और जिला प्रशासन सहित सरकार से मांग करते हैं कि, तत्काल किसानों के निशुल्क रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था सभी पंचायतों में की जाए। उपरोक्त बातें माले नेता सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने आज बेंगाबाद में आयोजित पार्टी कार्यकर्ताओं की एक बैठक को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि, किसानों के लिए सभी पंचायतों में मुफ्त अ०नलाइन रजिस्ट्रेशन की मांग को लेकर किसान आगामी 10 जुलाई को अखिल भारतीय महासभा की अगुवाई में प्रखंड कार्यालय पहुंचकर अपनी बात रखेंगे। आज की बैठक में अन्य लोगों के अलावा अखिलेश राज, फोदार सिंह, रामलाल मंडल, शंभू ठाकुर, रामलाल मुर्मू, कुमार सिंह, सुनील कुमार राय, अजय कुमार यादव, कमरुद्दीन अंसारी, शंकर यादव, पांचू भोगता, गणेश मुर्मू, सुखदेव गोस्वामी आदि मौजूद थे।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## कान्हाचट्टी में 73वें वन महोत्सव का आयोजन मंत्री ने पौधा लगाकर किया शुभारंभ

### हवा जिस तरह मानव के लिए आत्मा है वैसे ही पेंड पौधे प्राण है प्राणियों का : मंत्री





**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी : प्रखंड मुख्यालय स्थित बी के प्लस टू उच्च विद्यालय में सोमवार को 73 वें वन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि राज्य के श्रम नियोजन प्रशिक्षण सह कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी के अलावे उतरी वन प्रमंडल पदाधिकारी आर थंगा पांडयन, प्रखंड प्रमुख इंदु देवी, राजद जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन वन क्षेत्र पदाधिकारी शशि भूषण यादव ने किया। इसके पूर्व मंत्री ने बी के प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान परिसर में पौधे लगाकर वन महोत्सव का आगाज किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा मंत्री को स्वागत गान गाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि मानव जीवन के लिए पेड़ पौधे को सुरक्षित व संरक्षित रखना अति आवश्यक है। पेड़ पौधों के बिना मानव जीवन अस्तित्व खतरे में रहेगा। उन्होंने उपस्थित लोगों को विभिन्न प्रजातियों के पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया साथ ही वन बचाने को लेकर विशेष बल दिया। कार्यक्रम में उन्होंने बीके प्लस टू उच्च विद्यालय को शिक्षक मुहैया कराने की घोषणा की। इसके अलावा सुखाड़ की स्थिति का आकलन कर किसानों को सुविधा मुहैया कराने की बात कही। वही डीएफओ आर थंगा पांडयन ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वन महोत्सव को प्रतिवर्ष गति दी जाती है। राजपुर वन क्षेत्र में वन महोत्सव के तहत बीस हजार पौधे लगाए जाएंगे। जिन्हें पूरी तरीके से सुरक्षित और संरक्षित किया जाएगा। उन्होंने वनों की महता पर विशेष प्रकाश डाला। इस तरह जिला परिषद अध्यक्ष ममता देवी ने भी वनों को रक्षा सूत्र बांधकर बचाने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। प्रखण्ड विकास पदा. धिकारी हुलास महतो ने भी सम्बोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण पर बल दिया और पर्यावरण से सम्बंधित स्वलिखित कविता को पढ़ कर लोगो को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम को स्थानीय मुखिया विकास सिंह ने अपने पंचायत में डी एफ ओ से पौधे लगाने की बात कही। इस तरह संबोधन करने वालों में मुखिया अंचला कुमारी मोहम्मद आफताब हुसैन बीस सूत्री प्रखण्ड अध्यक्ष रामेश्वर यादव स्थानीय बीके प्लस टू उच्च विद्यालय के प्राचार्य पवन कुमार चौधरी,प्रखंड प्रमुख इंदु देवी, सुमन कुमार सिंह आदि का नाम शामिल है। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा मंत्री को बुके देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मंत्री प्रतिनिधि राजेंद्र राम वन कर्मी राजबल्लभ यादव मनीष कुमार सुमित कुमार उत्तम कुमार के अलावे बीके प्लस टू उच्च विद्यालय के शिक्षक शामिल थे।

## बड़ा बाजार युथ विंग के द्वारा गौशाला परिसर मे पहली बार महा रुद्राभिषेक का हुआ आयोजन

### हर हर महादेव, ॐ नमः शिवाय के जयकारों के बीच संपन्न हुआ महा रुद्राभिषेक



**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**

हजारीबाग शहर से 12 किलोमीटर दूर कोलकाता पिंजरापोल सोसायटी द्वारा संचालित हजारीबाग गौशाला परिसर में बड़ा बाजार यूथ विंग के विशेष सहयोग से पहली बार सावन की अंतिम सोमवारी पर भव्य महा रुद्राभिषेक सह भंडारा का आयोजन किया गया। पूजा अर्चना प्रातः 9रू00 बजे से दोपहर 12.30 बजें तक चला। जिसके पश्चात 1रू30 बजे से भंडारा एवं प्रसाद वितरण किया गया। पूजा अर्चना मे मुख्य पुजारी प्रदीप पांडेय थे वही पूजा मे यजमान स्वरुप डॉ वेंकटेश, योगेंद्र मिश्रा,हीरा मिश्रा रहे। साथ ही वृक्षारोपण किया गया। मौके पर महादेव का आशीर्वाद प्राप्त करने क्षेत्रीय निदेशक पशुपालन हजारीबाग दारा सिकोह एवं जिला अभियंता चंद्र भूषण सिंह पहुंचे। मौके पर उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम को हमेशा आयोजित करना चाहिए गौशाला परिसर में जो कि एक सराहनीय है। मौके पर चंद्रप्रकाश जैन ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम को आयोजित कर टीम के सदस्य गण काफी उत्साहित हुए। यह कार्यक्रम हजारीबाग के गौशाला परिसर में पहली बार आयोजित किया गया। आसपास के लोग एवं गौशाला में कार्य करने वाले कर्मचारी गण काफी उत्साह में नजर आए दिन भर भक्ति भाव में डूबा नजर आया गौशाला। साथ ही कहा कि गौशाला परिसर में अपने परिवार के साथ पधार कर गौ माता की सेवा अवश्य करें। मौके पर विशाल खण्डेलवाल ने कहा की टीम के सदस्यों द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिसमे गौशाला में कार्य करने वाले कर्मचारी एवं आसपास के लोग भी कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न करने में बधाई के पात्र हैं। मौके पर चन्द्र प्रकाश जैन, नंदकिशोर खण्डेलवाल, सुरेंद्र खण्डेलवाल, विशाल खण्डेलवाल, संजय कुमार,विकास केशरी, रितेश खण्डेलवाल, मनोज गिरी,सतेंद्र सिंह नरेंद्र जैन पप्पू,देवेंद्र जैन,पूनम जैन,शारदा खण्डेलवाल,विनीता प्रमोद खण्डेलवाल, आकाश कुमार,प्रमोद अग्रवाल,शुभम कुमार, डॉ डी राय सहित कई लोग मौजूद थे।

## आम बागवानी के लाभुकों के बीच दवा का वितरण किया गया



**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : प्रखंड के बादम पंचायत अंतर्गत पंचायत भवन में मनरेगा योजना अंतर्गत बिरसा मुंडा आम बागवानी के लाभुकों के बीच दवाई का वितरण किया गया। लाभुकों के बीच आठ प्रकार का दवाई वितरण किया गया। वर्ष 22-23 में बादम पंचायत में कुल 15 आम बागवानी योजना लाभुकों को मिला है। बागवानी में जो पेड़ लगे हैं उसमें आम के पेड़ के पत्तों को कीड़े खा जाते हैं। कीड़ा लगने से पेड़ सूख जाता है। पेड़ों को कीड़ों के प्रकोप से बचाव और जड़ों की मजबूती के लिए दवाई का वितरण किया गया। पंचायत समिति सदस्य शहाब अकबर (राजा खान) और रोजगारसेवक फजल उर रहमान ने लाभुकों के बीच दवा का वितरण किया। मौके पर मुख्य रूप से सुरेश प्रजापति, जितेंद्र राम, शाँती देवी, अर्जुन साव, सौरव कुमार, विक्की कुमार दास, कैशर अली, नुर उल्लाह, नौशाद आदि उपस्थित थे।

## बुढ़वा महादेव मे अंतिम सोमवारी को विधायक ने किया जलाभिषेक 50000 शिवभक्त शामिल हुए





**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : सावन माह की अंतिम सोमवारी को बड़कागांव के महूदी पहाड़ मे स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस अवसर पर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद भी महूदी पहाड़ स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर पहुंची एवं भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। उन्होंने भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक किया तथा क्षेत्रवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। श्रावण माह की अंतिम सोमवारी पर लगभग 50,000 शिव भक्तों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। इस दौरान महिलाओं की लंबी-लंबी कतारें देखी गयी। वहीं अंतिम सोमवारी को बड़ी संख्या में शिव भक्त हरली शिव मंदिर से गाजे-बाजे के साथ जल उठाकर महूदी पहाड़ स्थित बुढ़वा महादेव में जलाभिषेक किया। इस दौरान विधायक के द्वारा चना का वितरण भी श्रद्धालुओं के बीच किया गया। विधायक अहले सुबह सैकड़ों शिव भक्तों के साथ हरली पहुंची और विधि विधान के साथ जल उठाकर बाबा भोलेनाथ का जयकारा लगाते हुए शिवलिंग पर जल चढ़ाते हुए पूजा अर्चना की। मौके पर विधायक ने कहा कि बड़कागांव का बुढ़वा महादेव शिव उपासना का मुख्य केंद्र है तथा बुढ़वा महादेव में महाशिव. रात्रि पर्व और श्रावणी पर्व मनाने की परंपरा 600 साल पुरानी हैद्य उन्होंने कहा कि अपने विधायक निधि का पहला कार्य बुढ़वा महादेव मंदिर के विकास एवं सुंदरीकरण से शुरुआत की है तथा मंदिर को पर्यटन स्थल का दर्जा दिलाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। बुढ़वा महादेव मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में घोषित करवाना मेरा लक्ष्य है, जिसे लेकर कई बार विधानसभा में मामला भी उठाया है।

## हर घर तिरंगा को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान




**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**

गांवा प्रखंड मुख्यालय के परिसर से सोमवार को जेएसएलपीएस के अधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा तिरंगा यात्रा निकालकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से जिला जेएसएलपीएस सांसद प्रतिनिधि उषा कुमारी उपस्थित थे। यात्रा का प्रारंभ प्रखंड मुख्यालय परिसर से हुआ और इसका समापन गांवा पंचायत सचिवालय में हुआ। इस बीच पूरे बाजार में भ्रमण कर लोगों को 13 अगस्त से 15 अगस्त तक अपने अपने घरों में तिरंगा फहराकर देश के आन बान शान राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा का सम्मान करने का आवाहन किया गया। इस क्रम में भारत माता की जय, वंदे मातरम्, हरघर तिरंगा घर घर तिरंगा आदि कई देश भक्ति नारे लगाए गए। उक्त संबंध में बताते हुए सांसद प्रतिनिधि उषा कुमारी ने कहा कि जेएसएलपीएस के तत्वधान से तिरंगा यात्रा निकालकर हर घर तिरंगा घरघर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर पूरे देश में हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा के लिए तैयार हैं। हम लोगों को तिरंगा फहराकर आतंकवादियो से दिन रात लोहा लेकर डटे रहने वाले सैनिकों का सम्मान करना है। साथ ही जैसा कि देखने से प्रतीत हो रहा है कि पूरा देश प्रधानमंत्री के आवाहन पर हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा कार्यक्रम के लिए तैयार है। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी महेन्द्र दास, बीपीओ दीपक कुमार, गांवा मुखिया कन्हाय राम, जेएसएलपीएस के अरविंद कुमार, बसंत वर्मा मनोज कुमार आदि कई उपस्थित थे।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## मुहर्रम के मौके पर खरियोडीह में आखाडा कंपटीशन का आयोजन





**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

गिरिडीह ज़िला अन्तर्गत सदर प्रखंड स्थित पचम्बा थाना क्षेत्र स्थित करहरबारी पंचायत में हसनैन क्लब द्वारा मुहर्रम की 8वीं तारीख को शानदार अखाड़ा कंपटीशन का आयोजन किया गया। अखाड़ा कंपीटिशन की शुरुआत सभी चीफ गेस्ट को पगड़ी पहनाकर सम्मानित कर किया गया। अखाड़ा का आयोजन मुख्य रूप से आपसी सौहार्द को बनाये रखने और इमाम हुसैन की कुर्बानी याद करने को लेकर किया गया। अखाड़ा कंपीटिशन में 20 अखाड़ा टीमों ने हिस्सा लिया। अखाड़ा में शामिल हर टीम ने अपनी बेहतर से बेहतर खेल का प्रर्दशन किया। खिलाड़ियों की हौसला अफ़जाई के लिए हसनैन क्लब द्वारा इनाम दिया गया। अखाड़ा कंपी. टिशन में बतौर मुख्य अतिथि करहरबारी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि मोहम्मद मुमताज अंसारी मौजूद रहे और विशिष्ट अतिथि बतौर गिरिडीह जिला परिषद भाग संख्या 37जिला परिषद् सदस्य प्रतिनिधि सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष सह जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष अनवर अंसारी व तेलोडिह मुखिया शब्बीर आलम मौजूद थे। अखाड़ा कंपीटिशन को संबोधित करते हुए करहरबरी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि जनाब मुमताज अंसारी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाने से एकता कायम रहती है साथ ही नई पीढी को खेल की नुमाईश करने का मौका मिलता है। जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि अनवर अंसारी ने खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि अखाड़ा में शामिल हुए सभी टीम के खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन किया जो काबिले तारीफ है। तेलोडिह मुखिया शब्बीर आलम ने कहा कि अखाड़ा कंपीटिशन के आयोजन से खिलाड़ियों के अंदर खेल जिंदा रहता है और खिलाड़ी बेहतर से बेहतर खेल का प्रर्दशन करने में कामयाब होते हैं। अखाड़ा कंपीटिशन में विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस इंस्पेक्टर अनिल कुमार व पचंबा थाना प्रभारी सौरभ राज सदलबल मोर्चा संभाले हुए थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बाबु खान,मेहताब अंसारी, मकसूद फरीदी, गुलाम मुस्तफा,शमसेर आलम , कोलीमारन समेतसैंकड़ों लोग मौजूद रहे। अखाड़ा कंपीटिशन शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न करवाने में स्थानीय लोगों, जनप्रतिनिधियों और पचम्बा थाना पुलिस का अहम योगदान रहा।

## भाजपा नेता सुरेश साव की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह भाजपा द्वारा आगामी 10 अगस्त को गिरिडीह में आहूत तिरंगा यात्रा की तैयारी को लेकर आज मध्य भाग मण्डल के प्रमुख कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई । बैठक भाजपा झारखंड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश साव की अध्यक्षता में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश साव ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पूरे देश मे आज़ादी के अमृत महोत्सव मना रहा है और हर घर तिरंगा घर घर ति. रंगा अभियान चल रहा है। हर घर तिरंगा झंडा अभियान को लेकर 10 अगस्त बुधवार को गिरिडीह में पचम्बा उच्च विद्यालय से कालीबाड़ी चौक होते हुए बड़ा चौक तक तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी जिसमें मुख्य रूप से झारखंड राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री आदरणीय बाबूलाल मरांडी जी शामिल होंगे और इस तिरंगा यात्रा में हजारों लोग शामिल होंगे। बैठक में मण्डल अध्यक्ष अनिल वर्मा पूर्व प्रखंड अध्यक्ष गोपाल विश्वकर्मा महामंत्री गंगाधर दास इनोद साव उपाध्यक्ष खिरोधर दास सुरेश सिन्हा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी सह मटरूखा मुखिया रविन्द्र मण्डल धनन्जय मण्डल मनोज जोशी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कलश यात्रा में सम्मिलित हुए पूर्व विधायक मनोज यादव





**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**

समाजसेवी विजय साव के चौपारण स्थित नव निर्मित मकान के गृह प्रवेश कार्यक्रम के तहत आयोजित कलश यात्रा में बतौर मुख्यातिथि बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव यादव सहित अन्य सम्मिलित हुए। कलश यात्रा व गृह प्रवेश पूजा पाठ गायत्री परिवार द्वारा किया जा रहा है। इससे पूर्व कलश यात्रा की शुरुवात पूर्व विधायक ने कुमारी कन्याओं के माथे पर कलश देकर रवाना किया। वही समाजसेवी विजय साव ने अतिथियो को माता का पट्टा देकर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनोज कुमार यादव ने कहा कि गायत्री परिवार विश्वभर में धर्म का प्रचारक है। कहा भगवान की कृपा विजय साव और उनके परिवार पर बना रहे। कलश यात्रा का आकर्षक हरे राम हरे कृष्णा मंडली का रहा। कलश यात्रा में मुख्यरूप से समाजसेवी भुनेश्वर यादव, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष आशीष गुप्ता, कांग्रेस नेता बीरबल साहू, समाजसेवी सतेंद्र सिंह, सियाराम सिंह रामचंद्र सिंह, संजय सिंह, प्रमोद सिंह, मंटू दाँगी, कैलाश दांगी, महेंद्र साव, नरसिंघ साव, गजाधर साव, चंद्र भूषण साव, नंदकिशोर साव, मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर , युवा व्यवसायी अभिषेक सिंह, प्रभात दाँगी, कांग्रेस नेता रेवाली पासवान, विकास गुप्ता, सिकेन्द्र साव, गायत्री परिवार के श्रद्धालु

APEM
LIVE

## मोहर्रम त्यौहार को लेकर जिला प्रशासन ने बैठक कर जारी किया हेल्पलाइन नंबर

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

मोहर्रम त्यौहार को चंद्रमा के दृष्टिगोचर होने के अनुसार मनाया जाता है स इस पर्व पर जिला में विभिन्न अखाड़ा, जुलूस आदि का आयोजन होता है स इस अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु उपायुक्त गिरिडीह एवं पुलिस अधीक्षक गिरिडीह के द्वारा दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को निम्नांकित निर्देश दिए गए हैं । मोहर्रम 2022 के अवसर पर जिला स्तर एवं अनुमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है, जो दिनांक 08.08. 2022 के अपराहन से 10.08.2022 के पूर्वाहन तक कार्यरत रहेगा स जिला नियंत्रण कक्ष एवं अनुमंडलीय नियंत्रण कक्ष का स्थान एवं दूरभाष संख्या निम्न प्रकार है : (1) जिला नियंत्रण कक्ष /( स्थान) नियंत्रण कक्ष / दूरभाष संख्या , 06532 – 228829 (2) खोरीमहुआ / (स्थान) अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय / दूरभाषा संख्या ,7766081647 (3) डुमरी / (स्थान) अनुमंडल कार्यालय / दूरभाष संख्या , 9431313378 (4) बगोदर – सरिया / (स्थान) प्रखंड कार्यालय सरिया / दूरभाषा संख्या , 9473435905 . जिला नियंत्रण कक्ष में श्री आलोक कुमार, निदेशक, लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन, डी.आर.डी.ए. गिरिडीह तथा पुलिस पदा. धिकारी श्री संजय कुमार राणा, पुलिस उपाधीक्षक (मुव), प्रथम गिरिडीह में रहेंगे स जिला नियंत्रण कक्ष के वरीय दंडाधिकारी द्वारा सभी अनुमंडलीय नियंत्रण कक्ष से खैरियत प्रतिवेदन प्राप्त कर जिला का समेकित खैरियत प्रतिवेदन उपायुक्त , गिरिडीह एवं पुलिस अधीक्षक ,गिरिडीह को प्रतिदिन दो–दो घंटे पर उपलब्ध कराया जायेगा । सभी अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह जिला अपने–अपने क्षेत्र में विधि – व्यवस्था संधारणसर्थ वरीय प्रभार में रहेंगे एवं साथ ही साथ सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर दिशा – निर्देश का अनुपालन सं. बंधित थाना प्रभारी से सु. निश्चित करें । सभी थाना प्रभारी अपने – अपने क्षेत्र में सभी संवे. दनशील स्थानों पर चौ. कीदार / पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करेंगे स मो. हर्रम पर्व के अवसर पर सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ,अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी अपने – अपने क्षेत्र में अनिवार्य रूप से फ्लैग मार्च करना सुनिश्चित करेंगे । पूर्व में निर्धारित रूट पर ही ताजिया जुलूस/अखाड़ा का प्रवेश किया जाना है । सां. प्रदायिक/असामाजिक तत्वों का नाम–पता और मोबाइल नंबर संकलित करते हुए पर्यवेक्षण / अनुश्रवण करना सुनिश्चित करेंगे । डीजे मालिकों के साथ बैठक करते हुए ब०न्ड/शपथ पत्र भरवाते हुए निर्देशित करना है कि किसी भी तरह से भड़काऊ गीत, भाषण एवं सी.डी. चलाना प्रतिबंध रहेगा स नियम के विरुद्ध जाने पर विधि – सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे ।

निर्देश दिया गया है कि अवैध शराब बिक्री के स्थान और विक्रेता के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए सभी अवैध शराब दुकानों पर निगरानी एवं कारगर तरीके से नियंत्रण करना सु. निश्चित करेंगे । सभी अनुमंडल पदाधिकारी के साथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, गिरिडीह जिले में विधि व्यवस्था बनाए रखने हेतु उत्तरदाई होंगे स अनुमंडल स्तर पर शांति समिति का गठन कर शांति बनाए रखने हेतु शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक करना सुनिश्चित करेंगे स संबंधित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अपने–अपने अधिनस्थ थाना में गतिशील रहकर विधि व्यवस्था संधारण करेंगे स प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी दिनांक 08.08.2022 के अपराहन से 11.08. 2022 के पूर्वाहन तक अपने प्रतिनियुक्ति स्थान पर बने रहेंगे और उक्त तिथि तक प्रतिदिन खैरियत प्रतिवेदन संध्या 5रू00 बजे तक जिला नियंत्रण कक्ष में भेजना सुनिश्चित करेंगे । सिविल सर्जन ,गिरिडीह को निर्देश दिया गया कि मोहर्रम पर्व के अवसर पर सभी रेफरल अस्पताल/सभी प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य केंद्र/स्वास्थ्य उप केंद्र एवं जिला स्थित सदर अस्पताल में ड०क्टर ,नर्स ,एवं अन्य चिकित्सा कर्मी की उपलब्धता सु. निश्चित करेंगे स इसके साथ ही यथोचित मात्रा में दवा भी संबंधित अस्पतालों में उपलब्ध कराएंगे तथा जिला नियंत्रण कक्ष एवं अनुमंडल स्तरीय नियंत्रण कक्ष में आपात स्थिति से निबटने के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था करेंगे । अधीक्षक उत्पाद, गिरिडीह जिले में शराब की दुकानों को दिनांक 09.08.2022 को बंद करने का आदेश अपने स्तर से निर्गत करेंगे । उप नगर आयुक्त ,नगर निगम, गिरिडीह को निर्देश दिया गया है कि नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत सभी वार्ड में साफ सफाई एवं पेयजलापूर्ति करवाना सुनिश्चित करेंगे ।

सभी थाना प्रभारी अपने–अपने क्षेत्र में प्रति. बंधित जानवरों का आवागमन पर विशेष निगरानी रखेंगे एवं उसकी सघन जांच तथा यातायात नियमों का सख्ती से पालन करेंगे स पुलिस पदाधिकारी का कर्तव्य है कि संपूर्ण थाना क्षेत्र में निगरानी रखेंगे और यदि किसी स्थान से विधि व्यवस्था भंग होने की सूचना प्राप्त हो तो तुरंत उस पर नियंत्रण पाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे । मोहर्रम के अवसर पर विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु सभी थाना प्रभारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी ,गिरिडीह सभी संवेदनशील स्थानों का दौरा करेंगे और हर हालत में शांति समिति की बैठक करेंगे जिसमें दोनों समुदाय के लोग उपस्थित रहेंगे स यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा शांति भंग या दोनों समुदाय के बीच अशांति फैलाने की कोशिश की जाती है तब उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई करना सुनिश्चित करें । सभी प्रखंड विकास पदा. धिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी नियमित रूप से संयुक्त खैरियत प्रतिवेदन जिला नियंत्रण कक्ष को भेजेंगे । सोशल मीडिया पर कोई आपत्तिजनक पोस्ट नहीं हो इस बिंदु पर सतत निगरानी किया जाना है ।

अधिष्ठान अग्निशाम पदाधिकारी, गिरिडीह को निर्देश है कि (1) जिला नियंत्रण कक्ष में एक (2) डुमरी अनुमंडल नियंत्रण कक्ष में एक (3) बगोदर अनुमंडल नियंत्रण कक्ष में एक अग्निशामक सेवा की वाहन की प्रतिनियुक्ति दिनांक 08.08.2022 के अपराहन से करना सु. निश्चित करेंगे ।

कार्यपालक अभियंता , विद्युत उत्तरी एवं दक्षिणी, गिरिडीह मोहर्रम के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु दिनांक 08.08.2022 से 09..08.022 तक अबाधित बिजली आपूर्ति सु. निश्चित करायेंगे । ड्र०पगेट -- ड्र०पगेट में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिक. ारी एवं बल शहर में प्रवेश करने वाले वाहनों को उपयुक्त स्थान पर सुव्यवस्थित ढंग से लगायेंगे ताकि यातायात बाधित नहीं होने पाये स वे नियंत्रण कक्ष से निर्देशानुसार गाड़ियों को शहर में प्रवेश करने की अनुमति देंगे स प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी के साथ परिचारी द्वारा 1–1 पुलिस पदाधिकारी के अधीन 1–4,1–4 सशस्त्र बल की प्रतिनियुक्ति उक्त कार्य हेतु की जाएगी ।

कर्तव्यहीनता के दोषी दण्डाधिकारी, पुलिस पदा. धिकारी पर अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी ।

## स्त्री सेवा निधि लिमिटेड के बैनर तले बुढ़वा महादेव प्रांगण में किया चना वितरण

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : स्त्री सेवा निधि लिमिटेड के बैनर तले बुढ़वा महादेव प्रांगण में किया चना वितरण। सावन की अंतिम सोमवारी के शुभ अवसर पर स्त्रियों द्वारा संचालित एस एस निधि लिमिटेड की ओर से शिव भक्तों के बीच चना का वितरण किया गया। इस कंपनी का मुख्य उद्देश्य है महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना एवं महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए महिलाओं को निशुल्क ब्यूटीशियन एवं सिलाई प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। इस अवसर पर अध्यक्ष ममता देवी, सचिव जमानी देवी, कोषाध्यक्ष पूनम कुमारी, सुमन कुमारी, पूजा कुमारी, हैवांती देवी, शीला देवी, शांति देवी, बसंती देवी, सुनीता देवी, मालती देवी, सुनीता कुमारी, बबीता देवी, संगीता देवी, उर्मिला कुमारी साथ में सहयोगी जितेंद्र कुमार, मिंटू कुमार, संतोष राम, किशोर कुमार, प्रवील कुमार, विपिन कुमार, द्वारिका नाथ महतो, दिलीप कुमार, निलेश कुमार, हीरालाल कुमार, राजेंद्र प्रसाद, अमर महतो एवं समस्त सदस्यगण।

APEM
LIVE
NEWS
सच का साथी

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## बिरनी : मुहर्रम को लेकर कर्बला को सजाया गया

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**




मुहर्रम की आज 10वी मुहर्रम मनाया जा रहा है और इधर बिरनी के कर्बला को पूरे दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है जानक. ारी के मुताबिक बता दे कि आने वाले मंगलवार को मुहर्रम के मौके पर कर्बला में फ़ातिहा पढा जाता है। जिसमें बिरनी के एक ऐतिहासिक कर्बला बिरनी के बलिया,मदंगुंडीह और कोडराटांड के मैदान एक कर्बला है,जिसमें उस कर्बला में 22 गावों के छोटे बड़े नोजवान, महिलाएं बुजुर्ग आते हैं,और कर्बला में आपने अमन चौन के लिए दुआ करते हैं। इधर कल की तैयारी जोरों पर है। कर्बला कमेटी के तरफ से लोगो की लिए बढ़िया व्यवस्था किया गया है।वही 2 साल कोरोना काल मे दो साल लोगो को इस कर्बला में सिर्फ फ़ातिहा पढ़कर घर लौटना पड़ता था। लेकिन इस बार क्या कुछ खाश रहेगा देखने की बात है। जिसमें कर्बला में आने वाले लोगो के लिए कर्बला कमेटी ने टेंट का उपलब्ध करवा क्योंकि बारिश का मौसम है अगर किस भी समय बारिश शुरू हो जाये तो फिर कम से कम लोग बच सके।

## आदर्श फाउंडेशन ने किया प्रतिभा खोज अभियान का आयोजन

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां प्रखण्ड अंतर्गत बिरने पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिरने ( कन्या) में आदर्श फाउंडेशन के द्वारा प्रतिभा खोज अभियान का आयोजन किया गया जिसमे चन्दन कुमार ने प्रथम, संस्कृति कुमारी ने द्वितीय ,निशु राज ने तृतीय,सुषमा कुमारी ने चतुर्थ एवं अभय पासवान ने पंचम स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान कर बच्चों का उत्साहवर्धन भी किया गया। सातवीं एवं आठवीं के विद्यार्थियों से सामान्य ज्ञान से संबंधित कुल बीस प्रश्न पूछे गए, प्रतिभावान विद्यार्थियों ने पूछे गए सवालों का जवाब भी दिया। विजेता चन्दन कुमार ने कहा कि इस तरह के प्रतियोगिता का आयोजन प्रतिमाह हर स्कूलों में होना चाहिए, क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास के साथ – साथ तार्किक ज्ञान का भी विकास होता है। प्रतिभा खोज अभियान को सफल बनाने में उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिरने ( कन्या ) के बच्चे, बिरने मुखिया चन्दन कुमार, विद्यालय के सहयोगी शिक्षक रामशीष कुमार, दिनेश यादव, कैलाश यादव, लालजीत यादव, दिलीप कुमार,भोला रविदास एवं सुरेन्द्र कुमार त्रिपाठी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## बिरनी में द भिलेज स्टुडियो का किया गया उद्घाटन

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड के केंदुआ पंचायत के सलैडीह कलां गांव में द भिलेज स्टुडियो का उद्घाटन मुखिया सहदेव यादव और पंचायत समिति सलीम अंसारी के द्वारा किया तथा इन्होंने कहा कि ऐसा आनलाइन सुविधाएं इस मोड़ पर नहीं था जिससे यहां के लोगों को काफी दिक्कत हो रही थी इस मोड़ पर आनलाइन सेवा जरूरी है तथा द भिलेज स्टुडियो तथा द भिलेज फ्राई युटुब चौनल के निर्देशक मो अफजल और निजामुद्दीन अंसारी ने कहा कि अब यहां के लोगों की परेशानी जल्द खत्म होगी मुख्य अतिथि के रूप में मुखिया सहदेव यादव , पंचायत समिति सलीम अंसारी , युसुफ अंसारी, मो इलाही अंसारी, मो अजहर , मो कुरबान तथा केंदुआ पंचायत के सभी लोग उपस्थित थे

## पेशम पंचायत के आगनबाड़ी केंद्र जाँच करने पहुँचे प्रमुख

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड के पेशम पंचायत के आगनबाड़ी केन्द्र का प्रमुख रामु बैठा ने किया जाँच बतादे की दो दिन पहले पेशम पंचायत के हरिजन टोला सिथित आगनबाड़ी केंद्र में पोषाहार की बितरण किया गया था कीड़ा होने की सूचना मुखिया पंचायत समिति को दिया गया जिसमें मुखिया और पंचायत समिति सदस्य आगनबाड़ी केंद्र पहुचकर निरीक्षण किया गया तो पता चला कि एक्सपायरी डेट वाला पोषाहार का बितरण किया जा रहा है। यह कीड़ा होने की सोशल मीडिया पर इन दिनों खूब चर्चा हो रहा है। कीड़ा होने की चर्चा को बिरनी प्रमुख रामु बैठा ने संज्ञान में लेते हुँ। आज आगनबाड़ी केंद्र पेशम पहुचकर जाच किया प्रमुख रामु बैठा ने बताया कि आगनबाड़ी केंद्र में ना ही कोई पोषाहार पैकिट मिला ना ही कोई पोषाहार का बोरा इससे में मुझे कोई पुरुफ नही मिला सका आगनबाड़ी केंद्र की सेविका कोई एक्सपायरी डेट होने या कीड़ा मिलने का कोई ठोस सबूत नहीं दे पाई अगर कोई एक्सपायरी डेट होने या कीड़ा होने की कोई पुरुफ हो तो हमे दिखावे हम आपूर्ति करता पर करवाई करने के लिये तत्पर है।

## आर्य कर्ण फाउंडेशन द्वारा कांवरियों के लिए भंडारा का आयोजन





**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : आर्य कर्ण फाउंडेशन के बैनर तले बड़कागांव के नयाटॉंड़ स्थित शनिवार बाजार के प्रांगण में कांवरियों एवं शिव भक्तों के लिए भंडारा का आयोजन किया गया। इस दौरान आर्य कर्ण निधि लिमिटेड के सीएमडी रंजीत कुमार ,आरके इन्फोटेक के निर्देशक रूपा कुमारी, आर्य कर्ण फाउंडेशन के अध्यक्ष सरोज सोनी, सचिव विनोद कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष चौहान साव, ऋण प्रभारी पवन कुमार, संयोजक चिंतामणि साव, संतोष राणा, तुलसी राणा, संजय साव, बालकृष्ण कुमार समेत अन्य सदस्य शामिल थे। आर्य कर्ण फाउंडेशन के अध्यक्ष सरोज कुमार सोनी ने बताया कि रजरप्पा के माता छिन्नमस्तिके के भैरवी नदी से हजारों कांवरिया जल उठा कर सैकड़ों कांवरियां व शिव भक्त बड़कागांव के बुढ़वा महादेव पहाड़ जा रहे थे। इस दौरान आर्य कर्ण फा. उंडेशन द्वारा स्वागत किया गया, तत्पश्चात उन्हें भोजन कराया गया। कांवरिया अपने-अपने झांकी के साथ बड़कागांव के बुढ़वा महादेव जा रहे थे। इसमें सहयोग करने वाले में मुद्रिका सिंह, देवचरण महतो, सिकंदर कुमार, लालो महतो, लखन प्रजापति, प्रेम प्रजापति, लूटन महतो, महेश सिंह, हेमलाल कुमार मेहता, भेखल महतो, तुलसी महतो ने सहयोग प्रदान किया।

## बड़कागांव में निर्मल महतो की मनाई गई शहादत दिवस

### निर्मल महतो की झारखंड आंदोलन में अग्रणी भूमिका रही : संदीप

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव गुरु चट्टी स्थित आजसू पार्टी के आवासीय कार्यालय में निर्मल महतो की शहादत दिवस मनाई गई .इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा एवं संचालन प्रखंड सचिव मनोज प्रसाद दांगी ने किया .मौके पर अतिथियों ने निर्मल महतो की तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई .मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा ने कहा कि निर्मल महतो की शहादत को झारखंड कभी नहीं भूलेगी .क्योंकि इन्होंने झारखंड को शोषण से मुक्त कराने में आंदोलन बढ़-चढ़कर नेतृत्व किया. इतना ही नहीं झारखंड अलग राज्य में भी अग्रणी भूमिका निभाई .जिला उपाध्यक्ष कामेश्वर महतो ने कहा कि निर्मल महतो मार्ग पर आज भी हम सभी को चलने की आवश्यकता है .तभी हम आदर्श झारखंड बना सकते हैं .मौके पर प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा ,प्रखंड सचिव मनोज दांगी ,पंकज ठाकुर ,योगेंद्र महतो कृष्णा साव, तुलेश्वर राम, ब्रजकिशोर जायसवाल ,मीनू महतो समेत अन्य शामिल थे.




